पाठ-13 पौधे कहते हैं
लिखित प्रश्नोत्तर ,भाषा ज्ञान

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

CLASS: IV
SUBJECT : (HINDI)
CHAPTER NUMBER: 13
TOPIC: पौधे कहते है

SUB TOPIC: लिखित प्रश्नोत्तर ,भाषा ज्ञान

२.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

क) नन्हें पौधे स्वयं को बचाने के लिए क्यों कह रहे हैं?

उ- पेड़-पौधे हमारे जीवन के प्रमुख हिस्से है। परंतु हम अपने कार्यों द्वारा इन्हें नुकसान पहुंचा रहे हैं । इसलिए ये नन्हें पौधे स्वयं को बचाने के लिए कह रहे हैं।

ख) पेड़-पौधों से क्या-क्या मिलता है?

उ- पेड़-पौधों से फल, फूल, पत्ते, जड़ी-बूटियाँ, छाया आदि मिलता।

ग) मनुष्य मिट्टी को कैसे नुकसान पहुँचा रहा है ?

उ- मनुष्य अधिक फल पाने के लिए रसायनिक खादों का प्रयोग कर रहा है। जिससे मिट्टी

जहरीली हो रही है।

घ) मानव शरीर में जहर कैसे पहुँचता है?

उ- मानव द्वारा दिये गये रसायनिक खादों के कारण मिट्टी जहरीली हो रही है और इसी जहरीली मिट्टी में उगे पेड़ों के फल खाने से मानव शरीर में जहर पहुँच रहा है।

ङ) सारा संसार सुखी कम हो सकता है?

उ- जब मनुष्य विषैले रसायनिक पदार्थों को त्याग कर पेड़-पौधों को प्यार करेगा तब संसार सुखी हो पाएगा।

३.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए।

क) पेड़ पौधों की रक्षा के लिए आप बच्चे क्या-क्या कर सकते हैं? लिखिए।

उ-पेड़ पौधों की रक्षा के लिए हम पेड़ों से मिलने वाले फायदे के बारे में सबको समझ प्राकृतिक खादों के प्रयोग के लिए प्रेरित करेंगे ना स्वयं पेड़ काटेंगे और न ही किसी को काटने देंगे। अधिक से अधिक पेड़ लगाएंगे तथा मित्र एवं परिवारजनों द्वारा भी पेड़ लगवाएँगे।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

(ख) आप अपने पर में तथा आस-पास कौन-कौनसे पौधे लगे देखते हैं? उनसे क्या लाभ हैं? उनकी रक्षा क्यों करनी चाहिए?

उ-हम अपने घर में तथा आस-पास आम, अमरूद, नीम, कटहल, नारियल जैसे पेड़ तथा तुलसी, पुदीना, गुलाब, मिर्ची आदि के पौधे लगे देखते हैं। आम, अमरूद, कटहल, नारियल आदि पेड़ों से हमें फल तथा लकड़ियाँ मिलती है नीम, बेल, तुलसी, पुदीना आदि दवाई बनाने के काम आते है। उनको रक्षा हमें इसलिए करनी चाहिए क्योंकि वे हमारे लिए उपकारी है और उनके बिना, हमारा जीना मुश्किल है।

भाषाज्ञान

१.निम्नलिखित समान अर्थ वाले शब्द पढ़िए और समझिए

हाथ - हस्त , कर
धरती- पृथ्वी,भूमि
तन - शरीर , काया
फूल - पुष्प ,कुसुम
माँ - माता ,जननी
प्यार -प्रेम , स्नेह

2.निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए

दुख - सुख
मीठे - खट्टे /कड़वे
विष - अमृत
सुंदर-असुंदर
जन्म - मृत्यु
प्यार - नफरत
नई - पुरानी
सुखी - दुखी

3-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए

क) शिकार के समय राजा दशरथ का तीर किसे लगा ?

उ-शिकार के समय राजा दशरथ का तीर श्रवण कुमार को लगा ।

ख) श्रवण कुमार कौन था?

उ- श्रवण कुमार अपने अंधे माता-पिता का इकलौता पुत्र था ।

ग)आहट सुनकर श्रवण के पिता क्या बोले ?

उ-आहट सुनकर श्रवण के पिता बोले," आ गए बेटा ! लाओ , पानी पिला दो ।"

घ) श्रवण के पिता को कैसे पता लगा कि पानी पिलाने वाला उनका बेटा नहीं कोई और है ?

उ-जब राजा दशरथ ने कोई उत्तर नहीं दिया तो पिता ने स्पर्श किया स्पर्श करते ही उन्हें पता चल गया कि यह उनका बेटा नहीं है कोई और है ।

ङ) गद्यांश में आए निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -

अपने - पराए   पास - दूर   उत्तर - प्रश्न   दिन - रात

च) गद्यांश में से सर्वनाम शब्द लिखिए

उ- उन्होंने , अपने , वह , तुम

EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP